प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.04.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने 5 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हिमाचल आ रही हैं। वे शिमला के छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.....

हिमाचल में आज अपने आगमन के बाद राष्ट्रपति कल शिमला के लोकभवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगी। उनका 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत भी करेंगी और ऐतिहासिक अटल टनल रोहतांग के बारे में जानकारी हासिल करेंगी। 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। इस बीच राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनज़र सुरक्षा के कड़े प्रबंध गए हैं। शिमला में एक हज़ार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पालमपुर, मनाली और अटल टनल रोहतांग सहित अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।
रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं सहित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की प्रति वर्ष ऊर्जा खपत तेरह हज़ार मिलियन यूनिट है और सरकार का लक्ष्य है कि इसका 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निकट भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जलविद्युत क्षेत्र में छोटी परियोजनाओं को विकसित करने सौर ऊर्जा परियोजनाओं और ग़ैर परंपरागत ऊर्जा आधारित निवेश को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पाँच मेगावाट क्षमता तक की छोटी जल विद्युत परियोजनाओं के विकास को गति प्रदान की है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला जिला के धरेच और चियोग ग्राम पंचायत के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि स्थानीय निकाय और नगर निकाय के चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस को सबक़ सिखाएगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की मातृ शक्ति भी कांग्रेस द्वारा दी गई झूठी गारंटियों और विधायिका में महिला आरक्षण के हक छीनने के लिए कांग्रेस से बदला लेने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था भी बदहाल है और लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र द्वारा बंद की गई आरडीजी के कारण प्रदेश वित्तीय संकट से गुजर रहा है। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इसे जनता के साथ अन्याय करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय स्थिति को पटरी पर लाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। हर्षवर्धन ने कहा कि कांग्रेस नगर निकाय व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में इस मुद्दे को जनता के बीच उठाएगी।

बहिष्कार

लाहौल स्पीति जिला के पिन वैली क्षेत्र की सगनम और कुंगरी पंचायतों ने अपनी पिन भावा सड़क मांग को लेकर आगामी पंचायत चुनावों के बहिष्कार का निर्णय लिया है। इनका कहना है कि पिछले करीब दो दशकों से इस सड़क की मांग उठाई जा रही है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई

नहीं हुई है। गौरतलब है कि लाहौल के कुरचेड़ गांव के बाद यह दूसरा मामला है जहां ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का एलान किया है।

पीएमएफएमई

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना का शिमला जिला के युवा भरपूर लाभ उठा रहे हैं। जिले में इस योजना के तहत अभी तक 2 हजार 80 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

——डिस्पैच—योगराज——

योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021—22 से लेकर 31 मार्च 2026 तक शिमला जिला प्रशासन को कुल 3026 मामले प्राप्त हुए जिनमें से 2901 मामले विभिन्न बैंकों को भेजे गए और 2080 मामलों में ऋण स्वीकृत हुआ है जबकि 73 मामलों में ऋण प्रक्रिया जारी है। योजना के तहत 25 लाख तक की ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट लगाने के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। योजना के तहत जिला शिमला में कुल 2080 ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित किए गए हैं। बेरोजगार युवा योजना का भरपूर लाभ उठा रहे हैं और योजना के तहत अपने ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम साफ है। मैदानी जिलों में लू के चलते भीषण गर्मी पड़ रही है। ऊना सहित कई शहरों में पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज भी इन जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि विभाग के अनुसार कल से मौसम करवट बदलेगा। विभाग के मुताबिक 28 अप्रैल से 2 मई तक प्रदेश के अनेक भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि की संभावना है।

....